Title: Need to run Gorakhpur-Howrah express through Mau railway station in U.P.-Laid.

श्री बालकृण चौहान (घोसी): मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र घोसी, उत्तर प्रदेश के जिला मुख्यालय मऊ से होकर गुजरने वाली ट्रेन गोरखपुर-हावड़ा एक्सप्रेस 5049/5050 की ओर दिलाना चाहता हूं। मऊ से हावड़ा जाने के लिए सप्ताह में एक दिन की यह इकलौती ट्रेन थी, जिसका रास्ता बदलकर मऊ जनपद के अन्तर्गत ही इन्दारा रेलवे स्टेशन से वाया बलिया होकर हावड़ा के लिए कर दिया गया जबकि मऊ देश विदेश में अपने साड़ी उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। इन्दारा से मऊ की दूरी मात्र 7 किलोमीटर है। ज्ञातव्य है कि अपने रेल बजट के भााण में माननीय रेल मंत्री ने उक्त ट्रेन का नाम चालन विस्तार में दिया है जबकि उसका रास्ता बदल दिया गया है। जनता की मांग है कि इन्दारा के बजाय मऊ जंक्शन तक उक्त ट्रेन को लाया जाये और पुनः वापिस बलिया के लिए मोड़ा जाये।

मेरी सरकार से मांग है कि उक्त ट्रेन को इन्दारा से आगे 7 कि0मी0 तक ले जायें क्योंकि इन्दारा में भी इंजन का रूख बदलना पड़ेगा और इन्दारा में टैक्निकल स्टाफ भी नहीं है जबकि मऊ में रेल की जांच हेतु टैक्निकल स्टाफ है।